टिळक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पुणे

एम. ए. हिंदी, (भाग-१)

डिसेंबर -२०११ परीक्षा

विषय :आधुनिक गद्‌य (H-101)

दिनांक:२०/१२/२०११ **कुलअंक : १००** **समय : प्रात १०.०० से दो. १.००**

पाठ्यपुस्तके : १) उपन्यास - विपात्र - ग.मा. मुक्तिबोध
२) कहानी - आधुनिक कहानी - डॉ. दिनेश्वर प्रसाद
३) नाटक - ध्रुव स्वामिनी - जयशंकर प्रसाद
४) निबंध - प्रिया नीलकंठी - कुबेरनाथ राय
५) रेखाचित्र / संस्मरण - अतीत के चलचित्र - महादेवी वर्मा

सूचनाएँ : १. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
२. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं ।

प्रश्न १. अ) 'त्यागपत्र' उपन्यास की समीक्षा, उपन्यास के तत्वों के आधार पर कीजिए। **(२०)**

अथवा

ब) 'विपात्र' उपन्यास एक अकेला व्यक्तित्व तथा सामाजिक परिवेश की अनंत समस्याएँ और कठिनाइयाँ इन में छिडा हुआ साक्षात् युद्‌ध है'-उपन्यास के आधार पर चर्चा कीजिए।

प्रश्न २. अ) दिनेश्वर प्रसाद द्‌वारा संपादित 'आधुनिक कहानी संग्रह' की कहानियों की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। **(२०)**

अथवा

ब) ' ध्रुवस्वामिनी' नाटक में इतिहास और कल्पना के योग को स्पष्ट करते हुए, चंद्रगुप्त की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न ३. अ) कुबेरनाथ राय के 'प्रिया नीलकंठी' निबंध संग्रह में अभिव्यक्त लालित्य गुण को स्पष्ट कर के 'गूलर का फूल' निबंध के कथ्य पर प्रकाश डालिए। **(२०)**

अथवा

ब) महादेवी वर्मा के 'अतीत के चलचित्र' संग्रह में समाज के किन-किन वर्गों का चित्रण हुआ है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न ४. निम्नलिखित संदर्भों में से किन्हीं दो संदर्भों की व्याख्या कीजिए। (२०)

१) वास्तविकता यह है कि अलग-अलग लोग, अलग-अलग ढंग से पूँछ हिलाते हैं। मेरा भी पूँछ हिलाने का अपना तरीका है। मैं पहले अपने पंजे मालिक की गोद में रख दूँगा और फिर दाँत निकालकर मालिक के मुँह की तरफ देखते हुए पूँछ हिलाऊँगा।

२) मृणाल बाबू, आप को मैं राजनीतिज्ञ मान बैठा था,लेकिन आप तो भावुक बालक निकले, मिठाई पाकर हँस देते, हैं, जरा-सी चोट पर रो देते हैं।

३) मैं उपहार में देने की वस्तु शीतल मणि नहीं हूँ। मुझ में रक्त की तरल लालिमा है। मेरा हृदय उष्ण है और उसमें आत्मसम्मान की ज्योति है।

४) वृद्ध एक ही समय भोजन करते थे और वह तो विधवा ठहरी। दूसरे समय भोजन करना ही यह प्रमाणित कर देने के लिए पर्याप्त था कि उसका मन विधवा के संयम प्रधान जीवन से ऊबकर किसी विपरित दिशामें जा रहा है।

प्रश्न ५. किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए। **(२०)**

१) 'त्यागपत्र' उपन्यास में अभिव्यक्त समस्याएँ ।

२) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में पात्र-योजना।

३) 'दायरा' कहानी का कथ्य।

४) ' अतीत के चलचित्र' की बालिका वधु।